आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसानों का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- भारतीय घरेलू टूर ऑपरेटर्स संघ और अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने अध्यक्ष एम विनोद के नेतृत्व में आज अपना उनतीसवां स्थापना दिवस मनाया।
- अंडमान लॉ कॉलेज ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- एम.वी स्वराजद्वीप नौ अगस्त को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। आज नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि किसानों का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार ने किसानों की शक्ति को राष्ट्र की प्रगति का आधार माना है। आज भारत दूध, दालों और जूट का दुनिया का नंबर एक उत्पादक देश है। पिछले साल भारत ने अब तक का सबसे ज़्यादा खाद्यान्न उत्पादन दर्ज किया। डॉ. स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने जलवायु–प्रतिरोधी फसलों की अधिक से अधिक किस्में विकसित करने और ताप–प्रतिरोधी फसलों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार को प्रोफेसर स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। पिछले दस वर्षों में हथकरघा क्षेत्र को देश भर में एक नई पहचान और ताकत मिली है।

<><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी है। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन इस महीने की इक्कीस तारीख तक दाखिल किए जा सकते हैं और चुनाव नौ सितंबर को होंगे।

<><><><><><>

भारतीय घरेलू टूर ऑपरेटर्स संघ ने अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के सहयोग से आज जेड एस आई सभागार में अपना उनतीसवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष एम विनोद के नेतृत्व में टूर ऑपरेटर्स के लिए लीगल और साइबर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। आकाशवाणी से बातचीत में आटो के अध्यक्ष एम विनोद ने कहा कि साइबर क्राइम सत्र से टूर ऑपरेटर्स को काफी एहम जानकारियां प्राप्त हुई, और उन्होंने आशा की, कि सभी टूर ऑपरेटर्स इस सत्र के माध्यम से पर्यटकों को बेहतर सुविधा प्रदान कर सकेंगे।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। प्राधिकरण ने 'प्रदीप्ति' नामक एक योजना शुरू की है, जो विभिन्न विषयों के छात्रों को इंटर्नशिप प्रदान करती है, जिसमें कानून भी शामिल है, और जिसका टैगलाइन है 'विमानन के प्रति जुनून जगाना'। अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र सरमा और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली के महाप्रबंधक गिरीश कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता ज्ञापन तुरंत प्रभाव से लागू हो गया और यह पाँच वर्षों की अवधि के लिए मान्य है। बी.ए.एल.एल.बी के अंतिम वर्ष के छह सदस्यीय छात्र दल ने छः अगस्त दो हजार पच्चीस को स्थानीय वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपना पन्द्रह–दिवसीय इंटर्नशिप चक्र पूरा किया। उन्होंने हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव और विभागाध्यक्ष

मोहम्मद समतुल्लाह अंसारी की देख रेख में इंटर्नशिप की। सचिव (शिक्षा) श्री एल. कुमार और निदेशक (उच्च शिक्षा) श्री विक्रम सिंह ने इंटर्नशिप पहल पूरी की। अंडमान लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र सरमा ने कहा कि बी.सी.आई के मानदंडों के अनुसार इंटर्नशिप अनिवार्य है और इसे इसी शैक्षणिक वर्ष से लागू किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ( ICMR ) आठ अगस्त दो हजार पच्चीस को Science & Health Innovation for the NextGen Explorers पहल की शुरुआत करने जा रहा है। यह एक राष्ट्रव्यापी छात्र संपर्क कार्यक्रम है। कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई यह पहल, भारत भर में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और स्वास्थ्य अनुसंधान के भावी शोधकर्ताओं को प्रेरित करने का लक्ष्य रखती है। अपने प्रकार के पहले प्रयास के रूप में, देशभर के सभी ICMR संस्थान एक साथ कई संवादात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों की मेजबानी करेंगे, जिससे हजारों युवा प्रतिभाओं को विज्ञान, स्वास्थ्य और जैव चिकित्सा अनुसंधान की दुनिया से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ICMR&SHINE पहल, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी दो हजार पच्चीस के 'मन की बात' में किए गए 'एक दिन वैज्ञानिक बनें' के प्रेरणादायक आह्वान से प्रेरित होकर शुरू की गई है। यह आयोजन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान के अग्रदूत प्रो. वी. रामालिंगा स्वामी की जयंती को भी समर्पित है।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराजद्वीप नौ अगस्त को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। यात्री नौ अगस्त को सुबह आठ बजे से नौ बजे के बीच जहाज पर चढ़ सकते है। यात्रियों का जहाज पर चढ़ना निर्धारित प्रस्थान समय से एक घंटा पहले बंद कर दिया जाएगा। देर से आने वाले यात्रियों को जहाज पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिरिक्त सामान का लादान कल दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। निर्धारित मानदंडों से अधिक सामान के साथ आने पर उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा। प्रत्येक पैकेज का अधिकतम आकार और वजन एक मीटर गुणा शून्य दशमलव पांच मीटर और बीस किलोग्राम से कम होना चाहिए। उस पर स्पष्ट रूप से यात्री का नाम और टिकट संख्या बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए। अधिक वजन या आकार वाले पैकेज पर दोगुणा भाड़ा लिया जाएगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्रथम वर्ष की डिग्री कक्षांए चौदह अगस्त से प्रारंभ होगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में स्वच्छ भारत अभियान की समीक्षा के लिए आज पद्मश्री सम्मानित एवं स्वच्छ भारत मिशन अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के ब्रांड एम्बेसडर नरेश चंद्र लाल ने जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल के मरीजों से बात की और अस्पताल में उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं के साथ–साथ अपने आसपास के क्षेत्रीय नागरिकों को भी जागरुक करें। इस अवसर पर आयुर्वेद के चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूर्यकांत सिंह भी साथ में उपस्थित रहे।

<><><><><><><>